करेंट अफेयर्स

10 जुलाई 2021

राष्ट्रीय

1. भारत कोविड-19 आपात प्रतिक्रिया और स्वास्थ्य प्रणाली तैयारी पैकेज- चरण 2

चर्चा में क्यों – केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 08 जुलाई, 2021 को मंजूरी

लागत - 23,123 करोड़ रुपये (वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए)

विशेष - पैकेज के चरण–2 में केंद्रीय क्षेत्र (सीएस) और केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) के घटक शामिल

उद्देश्य - बाल चिकित्सा देखभाल सहित स्वास्थ्य इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास और उचित परिणामों पर जोर के साथ शुरुआती रोकथाम, पहचान और प्रबंधन

भारत कोविड-19 आपात प्रतिक्रिया और स्वास्थ्य प्रणाली तैयारी पैकेज" की घोषणा - मार्च, 2020 में

उद्देश्य - देश को कोविड–19 महामारी की पहली लहर से बचाना

2. रक्षा प्रौद्योगिकी में एम. टेक कार्यक्रम की शुरूआत

एम. टेक कार्यक्रम की शुरूआत - डीआरडीओ और एआईसीटीई अखिल भारतीय(तकनीकी शिक्षा परिषदद्वा)रा

आरम्भ तिथि - 08 जुलाई, 2021

उद्देश्य - विभिन्न रक्षा प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में आवश्यक सैद्धांतिक और प्रायोगिक ज्ञान, कौशल और योग्यता प्रदान करना

महत्व – यह कार्यक्रम इच्छुक इंजीनियरों को रक्षा प्रौद्योगिकी में अपना करियर शुरू करने के लिए प्रेरित करेगा।

एम टेक रक्षा प्रौद्योगिकी कार्यक्रम का संचालन - एआईसीटीई से संबद्ध संस्थानोंविश्वविद्यालयों/, आईआईटी, एनआईटी या निजी इंजीनियरिंग संस्थानों में संचालित किया जा सकता है।

छह विशेष विषय हैं –

नेवल टेक्नोलॉजी,

एयरो टेक्नोलॉजी,

कॉम्बैट टेक्नोलॉजी,

कम्युनिकेशन सिस्टम्स एंड सेंसर्स,

डायरेक्टेड एनर्जी टेक्नोलॉजी और

हाई एनर्जी मैटेरियल टेक्नोलॉजी।

राज्य

3. कप्पा कोविड वेरिएंट

कप्पा कोविड वेरिएंट के दो मामले मिले - उत्तर प्रदेश में

विशेषता - अत्यधिक संक्रमणीय

नमूनों की जांच - किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज (लखनऊ) में नमूनों की जीनोम अनुक्रमण द्वारा जांच

जीनोम अनुक्रमण (genome sequencing) - एक प्रयोगशाला प्रक्रिया, जो उत्परिवर्तन)mutations) को चिह्नित और कोविड 19 रोग के प्रकोप को ट्रैक करता है।

कप्पा वेरिएंट (B.1.617.1) - B.1.617 के तीन उप–वंशों में से एक

भारत में कप्पा वेरिएंट का पहला मामला सामने आया - दिसंबर, 2020 में

4. जीका वायरस

चर्चा में क्यों - केरल में जीका वायरस के पहले मामले की पुष्टि

जीका वायरस - मच्छर (एडीज) जनित वायरल संक्रमण

- फ्लेविविरिडे (Flaviviridae) वायरस परिवार का सदस्य
- युगांडा के जीका फ़ॉरेस्ट से "जीका" नाम लिया गया
- 2015-2016 में महामारी घोषित

लक्षण - बुखार, त्वचा पर चकत्ते, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, अस्वस्थता, नेत्रश्लेष्मलाशोथ (conjunctivitis) और सिरदर्द आदि

बिहार स्पेशल न्यूज

5. केंद्रीय मंत्रिमंडल विस्तार में बिहार के दो सांसद

केंद्रीय मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए 43 नेताओं को अलग अलग मंत्री पद आवंटित

43 नेताओं में बिहार से शामिल राजनेता – दो

बिहार के दो राजनेता – जदयू से सांसद आरसीपी सिंह और लोजपा अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस

आरसीपी सिंह को आवंटित मंत्रालय – इस्पात मंत्रालय

पशुपति पारस को आवंटित मंत्रालय – खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय

6. बाघों की गणना कैमरे से करने का प्रावधान

चर्चा में क्यों – हाल ही में वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में बाघों की गणना कैमरे से करने को मंजूरी

बाघों की गणना – प्रत्येक वर्ष (2006 से प्रति वर्ष गणना का प्रावधान)

गणना की पूर्व पद्धति – इससे पूर्व वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में बाघों की गणना पग मार्क (Foot Print) के आधार पर किया जाता था

नई पद्धति का लाभ - गणना में बाघों की वास्तविक स्थिति की जानकारी मिलेगी

वाल्मीकि टाइगर रिजर्व की अवस्थिति – पश्चिमी चंपारण (बिहार)

7. पटना तारामंडल

चर्चा में क्यों – हाल ही में पटना तारामंडल को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की घोषणा

पटना तारामंडल – इंदिरा गाँधी विज्ञान परिसर में स्थित

स्थापना – 20 जुलाई, 1989 को

तत्कालीन मुख्यमंत्री – सत्येन्द्र नारायण सिन्हा

पटना तारामंडल का नामकरण – पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी के नाम पर

अवस्थिति – बेली रोड, पटना

अर्थव्यवस्था

8. भारत और यूके वित्तीय बाजार संवाद

संवाद में भाग लेने वाले देश - भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके)

संवाद की तिथि – 08 जुलाई, 2021

संवाद के विषय :

1. जीआईएफटी– गिफ्ट (गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक–सिटी) सिटी, भारत का प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय केंद्र,
2. बैंकिंग और भुगतान,
3. बीमा और
4. पूंजी बाजार

आपसी सहमति - भारत और यूके के बीच वित्तीय सेवा सहयोग को मजबूत बनाने की अपार संभावनायें मौजूद

- आगामी ईएफडी और भावी भारत–यूके एफटीए के हवाले से इन क्षेत्रों में आगे सहयोग जारी रखने पर सहमति

10वें आर्थिक और वित्तीय संवाद की (ईएफडी) स्थापना - अक्टूबर 2020 में वित्तीय सेक्टर में द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ बनाने हेतु

भारतयूके वित्तीय बाजार संवाद- - भारत और यूके वित्तीय सहयोग का प्रमुख घटक

9. कृषि अवसंरचना कोष में संशोधन

चर्चा में क्यों - केंद्रीय कैबिनेट द्वारा 8 जुलाई, 2021 को 'कृषि अवसंरचना कोष' (AIF) में संशोधन को मंजूरी

उद्देश्य - 1 लाख करोड़ रुपये के कृषि अवसंरचना कोष का विस्तार करना

संशोधित प्रावधान :

चुकौती अवधि (repayment period) - 4 साल से बढ़ाकर 6 साल अर्थात 2025-26 तक

योजना की कुल अवधि - 10 साल से बढ़ाकर 13 साल तक

AIF से ऋण प्राप्त करने की पात्रता - राज्य एजेंसियों या APMCs, सहकारी समितियों के राष्ट्रीय और राज्य संघों, संघों के स्वयं सहायता समूहों (SHGs) और किसान उत्पादक संगठनों (FPOs) के संघों तक

10. मदुरै चमेली फूल का निर्यात

निर्यातित स्थल - अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई)

निर्यात करने वाला प्रदेश - तमिलनाडु

निर्यात – जीआई टैग प्रमाणित मदुरै चमेली (Madurai Jasmine) और अन्य पारंपरिक फूल जैसे लिली, बटन गुलाब, चमंथी, और मैरीगोल्ड का निर्यात

उपयोग – इससे प्रवासी भारतीयों की मंदिरों में पूजा संबंधी आवश्यकता को पूरा किया जा सकता है।

प्राप्ति – एपीडा द्वारा तमिलनाडु में नीलाकोट्टई, डिंडीगुल और सत्यमंगलम से प्राप्त

चमेली का वैज्ञानिक नाम - जैस्मीनम ऑफिसिनेल (Jasminum Officinale)

मदुरै - भारत की 'जैस्मीन राजधानी'

अंतर्राष्ट्रीय

11.सीसीआई-जेएफटीसी सहयोग ज्ञापन

चर्चा में क्यों - केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग और जापान फेयर ट्रेड (सीसीआई) कमीशन के बीच सहयोग ज्ञापन (जेएफटीसी) को मंजूरी (एमओसी)

एमओसी का उद्देश्य - प्रतिस्पर्धा कानून और नीति के मामले में आपसी सहयोग को बढ़ावा देना और इसे मजबूती प्रदान करना

एमओसी का प्रभाव - स्वीकृत एमओसी आवश्यक सूचनाओं के आदानप्रदान के जरिए सीसीआई को – जापान की अपनी समकक्ष प्रतिस्पर्धा एजेंसी के अनुभवों एवं सबक से सीखने और अनुकरण करने में सक्षम करेगा

सीसीआई को किसी देश के साथ एमओसी का अधिकार - प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 की धारा 18 के तहत प्रदत्त

12.कतर एयरवेज

चर्चा में क्यों - कतर एयरवेज IATA टर्बुलेंस अवेयर प्लेटफॉर्म से जुड़ने वाली मध्य पूर्व की पहली एयरलाइन बनीं

IATA Turbulence Aware - एयरलाइंस को अशांति (turbulence) के प्रभाव को कम करने में सहायक

लाभ - सटीक जानकारी, पायलटों और डिस्पैचर्स को इष्टतम उड़ान पथ चुनने, अशांति से बचने और ईंधन दक्षता को अधिकतम करने और CO_2 उत्सर्जन को कम करने में उपयोगी

कतर एयरवेज - पहली मध्य–पूर्वी एयरलाइन, जिसने दिसंबर 2018 में टर्बुलेंस अवेयर पहल में शामिल हुआ

IATA - विश्व की एयरलाइनों का एक व्यापार संघ

स्थापना - 1945 में

कार्य - एयरलाइनों के लिए तकनीकी मानकों को निर्धारित करना और टैरिफ सम्मेलनों का आयोजन करना